सार-समाचार

पौधारोपण अभियान की समीक्षा की

रेवदर, (निसं)। सघन वृक्षारोपण अभियान प्रगति समीक्षा बैठक का आयोजन सीबीईओ कार्यालय रेवदर में पूनमसिंह सोलंकी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य ब्लांक शिक्षा अधिकारी पूनमसिंह सोलंकी ने प्रत्येक पंचायत वार प्रगति की समीक्षा प्रभारियों से की व आबंटित लक्ष्य के अनुरूप खड्डे खोदना, पौधे लाना व पौधारोपण करना अपना कर्तव्य एवं दायित्व बताया। घनश्यामसिंह आढा एसीबीईओ ने पेड की महत्वशीलता को बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में हर वर्ष कम से कम पांच पौधे लगाने चाहिए। पौधारोपण,उसकी सुरक्षा व उसे बडा करना पुण्य का कार्य माना गया है पेडों की तरह व्यक्ति को जीवन में परोपकारी बनना चाहिए। छगनलाल रावल आरपी ने सघन वृक्षारोपण अभियान की कार्य योजना की जानकारी देते हुई टाइम फ्रेम से अवगत कराया। 15 जुलाई तक नर्सरी से पौधे लाना एवं 15 अगस्त से पूर्व शत-प्रतिशत पौधारोपण करने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया। आगामी 28 जुलाई को विद्यालय स्तर पर प्रकृति संरक्षण दिवस के रूप में मनाते हुए गांव में प्रभात फेरी का आयोजन व निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करने हेतु अवगत कराया। आरपी मनोज कुमार ने कर्मयोगी ऐप की जानकारी देते हुए विद्यालय में कार्यरत समस्त स्टाफ द्वारा कर्मयोगी ऐप पंजीकरण की जानकारी दी। विजय कुमार यादव कनिष्ठ सहायक ने पीपीटी के द्वारा सघन वृक्षारोपण कार्य योजना को समझाया। बैठक में पीईईओ विद्यालयों से शारिरीक शिक्षक ने प्रभारी के रूप में भाग लिया।

दंत जांच शिविर आयोजित

जालोर, (कासं)। भारत विकास परिषद्, जालोर की ओर से इन दिनों चल रहे सेवा एवं पर्यावरण पखवाडा अभियान के तहत बुधवार को सातवें दिन शहर के रतनपुरा रोड क्षेत्र स्थित विनायक फाउंडेशन अकेडेमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक दंत जांच व परामर्श शिविर का आयोजन दंत चिकित्सक डॉ. मनीष सुंदेशा के निर्देशन में एवं प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी, शाखाध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा व जिला समन्वयक मदनलाल माली की उपस्थिति में आयोजित किया गया। विद्यालय के निदेशक हरीश स्वामी व सुनील चौधरी ने डॉ. मनीष सुंदेशा एवं परिषद् के पदाधिकारियों का स्वागत किया। डॉ. मनीष सुंदेशा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए दांतों की बहुत बडी भूमिका है। इसलिए हमें अपने दांतों को स्वस्थ रखना बहुत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को बचपन से ही दांतों की सही देखभाल करने संबंधी महत्वपूर्ण बातें बताई। शिविर में डा.मनीष सुन्देशा ने 104 विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर उनको उचित परामर्श दिया गया। शिविर आयोजन के दौरान सचिव संतोष कुमार दवे ,प्रकाश भटनागर, रामावतार तापड़िया, विद्यालय के संरक्षक विरधीचंद चौधरी सहित स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे।

डामर सड़क जोड़ने की मांग

बाप, (निसं)। नगर पालिका अध्यक्षा लीलादेवी पालीवाल ने एनएच 11 बाप को ढोलियो की ढाणी डामर सडक से जोडने की मांग की है। नगर पालिका अध्यक्षा पालीवाल ने अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत फलौदी को भेजे ज्ञापन में लिखा कि पूर्ववर्ती ग्राम पंचायत बाप द्वारा एनएच 11 को ढोलियो की ढाणी डामर सडक से जोडने के लिए मांग की गई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी अतिरिक्त मुख्य अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग जोधपुर को इस कार्य के लिए आदेशित किया गया था। इसके बाद अधीक्षण अभियंता सानिवि नगर वृत जोधपुर द्वारा उक्त कार्य का अनुमानित तकमीना 18 मई 2022 को मुख्य अभियंता सानिवि राजस्थान जयपुर को भी भेजा गया। इसके बाद काफी लंबा समय बीत जाने के बाद आगे कार्यवाही शुरू नहीं की गई। ज्ञापन में उक्त कार्य के लिए बजट आवंटन करवाने की मांग की गई। नगर पालिका अध्यक्षा पालीवाल ने बताया कि बजट आवंटन होने के बाद उक्त कार्य पूर्ण हो सके एवं क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके।

उड़ीसा निवासी जवान की मृत्यु

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले में तैनात 92 बीएन बटालियन के कॉन्स्टेबल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जवान अनिल4 मांझी (32) सुंदरगढ़ जिला, उड़ीसा का निवासी बताया जा रहा है। जवान को जवाहिर हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक कॉन्स्टेबल का शव जवाहिर हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। मृतक के परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम होगा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा होगा। अचानक दिल का दौरा पड़ने से साथी जवान की मौत से सीमा सुरक्षा बल में शोक की लहर है। मिली जानकारी के अनुसार, कॉन्स्टेबल अनिल मांझी बुधवार रात ब्रह्मसर रोड स्थित 92 बीएन बटालियन में काम पुरा करके सोया। गुरुवार सुबह जब वो बिस्तर से नहीं उठा तब साथी जवानों ने उसे उठाने का प्रयास किया। वो नहीं उठा। कुछ अनहोनी की आशंका से साथी जवान उसे लेकर जवाहिर हॉस्पिटल आए। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जेरला रोड चौराहे पर महोत्सव आज से

बालोतरा, (निसं) श्री जोगमाया पंच धाम सेवा समिति के तत्वावधान में जेरला रोड चौराहे पर नवनिर्मित श्री गणपति, जोगमाया, शिव परिवार,राम दरबार, रामदेवजी एवं हनुमानजी मूर्तियों की भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 5 से 7 जुलाई को आयोजित होगा। सेवा समिति के अध्यक्ष बालक राम सुथार ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरो पर है। उन्होंने बताया कि महोत्सव का शुभारम्भ 5 जुलाई से होगा। शु वार को गणेश पूजन, जल कलश यात्रा, कुटीर हवन, मंडप प्रवेश, गणपति आरती का आयोजन होगा। शनिवार को हवन व रात्रि को भजन संध्या का आयोजन होगा रविवार को सुबह प्राण प्रतिष्ठा ओर महा प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। प्रतिष्ठा महोत्सव में परेऊ मङ्ग मङ्गाधीश ओमकार भारती महाराज, गोविंद रामजी की बगेची गादीपति नरसिंग दास महाराज, परशुराम गिरी महाराज,संत सजनी बाई, प्यारेनाथ महाराज का पावन सानिध्य में आयोजित होगा। महोत्सव को लेकर कार्यकारिणी सदस्य तैयारियों मे जुटे हुए है।

चिंकारा के शिकार का आरोपी गिरफ्तार

धोरीमना, (निसं)। धोरीमन्ना गुरूवार को सुबह 3.30 बजे वन विभाग को सेडवा तहसील के गोडा गाँव में दो मादा चिंकारा के शिकार की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर उप वन सरंक्षक, बाड़मेर सविता दाहिया के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए क्षेत्रीय वन अधिकारी जगदीश कुमार मय टीम, रेंज धोरीमन्ना ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वन विभाग ने आरोपी से शिकार में प्रयुक्त झुनझुना युक्त टोर्च, लोहे का छुरा, लोहे की छडी, मोटर साइकिल इत्यादि मौके पर बरामद की तथा नियमानुसार शिकार किए गए वन्यजीवों का पोस्टमार्टम कर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रीम अनुसंधान प्रारंभ किया। इस क्रम में अन्य नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए सहायक वन सरंक्षक (प्रशिक्षु) डॉ. भँवर लाल चौधरी, अशोक सिंह तथा रेंजर (फ्लाइंग) भरत सिंह देवडा मय टीम के द्वारा दंबिश दी जा रही है।

सर्वसम्मति से चारण अध्यक्ष बने

पिण्डवाड़ा, (निसं)। समीपवर्ती क्षेत्रपाल मंदिर प्रबंध समिति झांकर की कार्यकारिणी की बैठक गुरूवार को आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कल्याण सिंह चारण व कोशाध्यक्ष पद के लिए गोविन्ददान चारण को मनोनित किया गया। बैठक में मंदिर के विकास को लेकर कई बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की । साथ ही बैठक में विभिन्न समाजों से चुनकर आए कमेटी के सदस्यों को मंदिर विकास को लेकर दायित्व सौंपे। साथ ही मंदिर के आस-पास नीम के पौधे लगाने का निर्णय लिया। वही नवनियुक्त अध्यक्ष चारण से सभी को साथ लेकर मंदिर का सर्वार्गीण विकास का आष्वासन दिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गोविंददान चारण, सुरेष सिंह, चुन्नीलाल, देवाराम, धर्माराम, सोमाराम, भंवरलाल, सुखदेव सिंह, हेमंत सिंह, विष्णुदान, कैलाश दान, जीवन सिंह सहित सदस्यगण मौजूद थे।

श्रीमाली समाज ने खुशी जताई

बालोतरा, (निसं)। श्रीमाली समाज के गौरव व महात्मा गांधी अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ पी सी व्यास को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान जयपुर की विद्या परिषद का मेम्बर मनोनीत करने पर समाज ने खुशी व्यक्त की हैं। श्रीमाली समाज के अध्यक्ष कांतिलाल व्यास विप्र फाउन्डेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र दवे जितेन्द्र कुमार दवे रतन दवे चन्द्र प्रकाश व्यास मोहित दवे सत्यनारायण अवस्थी अशोक व्यास एडवोकेट कपिल श्रीमाली विनोद अवस्थी डॉ प्रियन्का व्यास उदय भानु मयंक अवस्थी विपिन दवे अशोक दवे रमेश त्रिवेदी जितेन्द्र व्यास पाली सहित कई प्रबुद्ध जनों ने खुशी व्यक्त करते हुए डॉ पी सी व्यास को बधाई दी है।

अपनी पाठशाला के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के धवला रोड स्थित कालबेलिया माजीसा कॉलोनी स्थित अपनी पाठशाला में पढ़ने वाले घुमंतु, गरीब, अनाथ, कचरा बिनने वाले,बेसहारा बच्चों द्वारा पौधारोपण कर प्रकृति के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रदेश भर में राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत अपनी पाठशाला में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान व अपनी पाठशाला के प्रभारी भरत कुमार जीनगर की उपस्थिति में पाठशाला के बच्चों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस दौरान भरत कुमार जीनगर ने कहा कि हमारे भविष्य के लिए शुद्ध वातावरण व शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पौधारोपण व उनके संरक्षण करना जरूरी है। इस मौके पौधारोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास हरा भरा वातावरण बनाए रखना चाहिए। वही प्रकृति के प्रति सदैव कर्तव्य होकर इसकी रक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए। सभी लोगों को पोधरोपण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए तथा प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए।

जालोर शहर के धवला रोड स्थित कालबेलिया माजीसा कॉलोनी स्थित अपनी पाठशाला ने पौधारोपण अभियान शुरू किया। फोटो-राष्ट्रदूत

शहजाद खान द्वारा अपनी पाठशाला के आंगन मे पौधरोपण कर एकलव्य फाउन्डेशन द्वारा संचालित वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर , वसीम अकरम जी एन एम, डॉ.प्रवीण चौधरी, लालजी नर्सिंग छात्र, स्वरूप, रानी सहित कई जने मौजूद थे।

दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल के कारावास की सजा

जालोर, (कासं)। पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढय ने दुष्कर्म के आरोपी अर्जुन कुमार को बीस साल के कारावास की सजा सुनाई।

प्रकरण के अनुसार पीडिता के चाचा ने पुलिस थाना सायला में मामला दर्ज कर बताया कि 20 अगस्त 2022 को सुबह 10.30 बजे के लगभग मेरी नाबालिग भतीजी घर से कानुडा देखने का कह कर गयी थी , जो दोपहर 3 बजे तक वापिस नही आयी है। हम परिवार वालो ने गांव में इधर उधर आस पडोस तथा उसकी सहेलियो के घर जाकर पुछताछ की तो कही पर आना नही बताया। हमने पुरे गांव में खोजबीन की। लेकिन इसका कोई पता नही चला। मेरी भतीजी कही गुम हो गयी है। मेरी भतीजी घर से गई तो उसके साथ मोबाईल भी था। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। दौराने अनुसंधान पीडिता नाबालिग को लोहखाना पुलिस थाना अजमेर से तलाश कर संरक्षण में लिया गया। पीडिता ने पुछताछ में बताया कि निजी स्कूल के अध्यापक अर्जुन कुमार मेघवाल पुत्र प्रहलादराम मेघवाल निवासी कोमता से जान पहचान थी। और वह कुछ माह बाद स्कूल में पढाना छोडकर अजमेर प्राईवेट नौकरी करने लगा। अर्जुन कुमार लगातार मोबाईल से बातचीत करने के बाद घुमने चलने का कहकर वह सियावट, जालोर, पाली, ब्यावर होते हुए अजमेर लेकर गया। वहा किराये के मकान में रखा। वहा आरोपी अर्जुन कुमार ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता के बयान के आधार पर नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज कर बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढय ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी अर्जुन कुमार मेघवाल को दोषी मानते हुए बीस साल के कारावास की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक रमेश कुमार सोलंकी ने की।

भाजपा महिला मोर्चा ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाये



जालोर में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाये। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी के निर्देशानुसार गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व मे बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडा लगाने का नेक कार्य किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी ने बताया कि गर्मियों में जैसे-जैसे पारा बढ़ता जा रहा है। पक्षियों के लिए दाना पानी ढूंढ पाना भी उतना ही मुश्किल होता है। ऐसे में कई बेजुबान पक्षी दाना पानी नहीं मिलने की वजह से अपनी जिंदगी भी नहीं बचा सकते है। कई बेजुबान पक्षी पानी नहीं मिलने की वजह से छटपटाते हुए दम तोड देते हैं।

इन सबको ध्यान में रखते हुए आज महिला मोर्चा ने इस कॉलोनी में परिंडे लगाए हैं। ताकि बेजुबान पक्षी दाना पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटके और अपनी जिंदगी जी सके।

इस मौके पर महिला मोर्चा महामंत्री इंदु चौधरी, सुनीता गर्ग, संतोष माली, पेप्टी देवी, मखना, पारस, सावित्री, कमल, नीरू, पूजा, सीमा आदि की महिला उपस्थित थी।

पर्यावरण संरक्षण के लिए राशि भेंट की

पोकरण, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा पोकरण की ओर से पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत परंपरागत जल स्त्रोत बादोलाई तालाब संरक्षण कार्य कर रहे युवा राजपूत समाज के अध्यक्ष, समाजसेवी बलवंतसिंह जोधा व मठ के महंत शम्भु पुरी को बुधवार सांय भारत विकास परिषद शाखा पोकरण के सदस्यों की सहभागिता से एकत्रित धनराशि 117501 रूपये भेंटकर पर्यावरण के प्रति जागरुकता का संदेश दिया।

भारत विकास परिषद के गणमान्य सदस्य पदाधिकारीयो ने युवा समाजसेवी बलवन्त सिंह जोधा के निस्वार्थ भाव से परंपरागत जल स्त्रोत एवं पर्यावरण को बचाने व जीव जंतु कल्याण के लिए कार्य कर रहे कि भुरी भुरी प्रशंसा कि, भारत विकास परिषद के स्थानीय अध्यक्ष अभय कुमार अग्रवाल ,कुम्भ सिंह चाम्पावत सचिव ,अचलदान रतनू कोषाध्यक्ष,देवी सिंह भाटी उपाध्यक्ष ,जगदीश चौधरी उपाध्यक्ष सेवा गोपाल सिंह राङ्गौड ,डॉक्टर ताबलराम जूहिया ,डॉक्टर चारुलता जुहिया ,राधाकृष्णन खत्री ,जितेंद्र बिश्नोई ,जुगल गाँधी ,संदीप सिंघल सहित गणमान्य लोगउपस्थित रहे। शहर विशाल जल स्त्रोत की इस प्रकार खुदाई करवाने के लिए भूरी भूरी प्रशंसा व सराहना की।

मंडली की जनसुनवाई में बिजली, पानी की समस्याएं सामने आई

बालोतरा, (नि.सं.)। बालोतरा के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने राज्य सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के तहत त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के पहले चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर प्रथम गुरुवार को होने वाली जनसुनवाई में कल्याणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मंडली में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। प्रत्येक व्यक्ति जागरूक रहे तथा अपने अधिकारों का सही प्रयोग करें ताकि प्रशासन गांव के स्तर तक सबसे नजदीक घर के पास ही जनसुनवाई करके समस्या का समाधान कर सों।

व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं का मौके पर समाधान तथा शेष रहे प्रकरणों में ठोस अनुपालना से जिला कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश प्रदान किये। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में पीने का पानी 7 दिन के बाद आता है वह तो ठीक है लेकिन पानी बहुत कम आता है और अधिकतर घरों तक पानी पहुंचता ही नहीं है, इसकी जांच करवाई जाए। भील बस्ती की ढाणी में पाइपलाइन लगी हुई है लेकिन कनेक्शन नहीं होने के कारण पानी नहीं पहुंच पा रहा है तत्काल पाइपलाइन को जोड़ा जाए। भील बस्ती वाले जन सहयोग हेतु भी तैयार है। पानी के साथ-साथ बिजली के ढीले तारों की बहुत गंभीर समस्या गांव में नजर आई। अधिकतर लोगों ने ढीले तार ठीक करवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिए तथा पुराने बिजली के खंभे बहुत क्षतिग्रास्त हो चुके हैं, उनको बदलने हेतु प्राथना पत्र दिए। जिन व्यक्तियों के घरों में लाइट के कनेक्शन नहीं है उनको तत्काल प्रभाव से नियमानुसार डिमांड जारी कर विद्युत कनेक्शन देने के निर्देश प्रदान किये। भील बस्ती में बीचों-बीच में शराब की दुकान लगी हुई है जहां पर प्रतिदिन गाली गलौज होती है तथा रहना मुश्किल हो रहा है इसलिए शराब की दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

इस जनसुनवाई में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान के साथ विकास अधिकारी पंचायत समिति कल्याणपुर चम्पालाल देवड़ा, सहायक अभियंता विवेकानंन्द विधार्थी पंचायत समिति कल्याणपुर, गुमान सिंह राजपुरोहित ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदीश चॉरटिया प्रधानाचार्य, चन्द्रप्रकाश पंवार ग्राम विकास अधिकारी, सोहनलाल पटवारी, सुमन कंवर राजपुरोहि सरपंच, तथा रेखा देवी, गोकल राम, पांचाराम, जसराज, उम्मेदाराम, मुमल देवी, पप्पु कंवर वार्ड पंचों के साथ बहुत अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे जिन्होंने लिखकर के जो समस्याएं दी उनकी व्यक्तिगत सुनवाई भी की गई। साथ ही ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आज से ही दो दिवसीय प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 172 लोगों के ई-केवासी हेतु बैक पासबुक, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज संबंधित पटवारी द्वारा एकत्रित कर संबंधित तहसीलदार को प्रस्तुत करेंगे। अन्त में 15 दिवस बाद पुनः समीक्षा करने का निश्चय लिया गया।

जनसुनवाई से पहले विधायक निधि द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन नाईयो का बास मंडली में चल रहे कार्य का निरीक्षण किया तथा इसी महीने के भीतर पूर्ण करने हेतु निर्देश प्रदान किया।

मुख्यमंत्री पौधारोपण अभियान के लिए संकल्प रैली निकाली

पाली,(नि.सं.)। मुख्यमंत्री पौधरोपण अभियान 2024 जन जागरण कार्य योजना को लेकर जिला कलैक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार गुरूवार को चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में बांगड़ चिकित्सालय से संकल्प रैली का आयोजन किया गया।

रैली में एएनएम व जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षणार्थी, पाली शहर की आशा सहयोगीनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व बांगड़ स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली के बाद सभी को पौधारोपण कर इन पौधों की देखभाल करने का संकल्प व शपथ दिलाई। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा ने बताया कि मुख्यमंत्री पौधारोपण अभियान 2024 की जनजागरण कार्ययोजना के तहत 4 जुलाई गुरूवार को प्रातः 10 बजे बांगड़ अस्पताल से निकाली गई।

संकल्प रैली को सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल व बांगड़ अस्पताल के अधीक्षक डॉ.पीसी व्यास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता संकल्प रैली बांगड़ अस्पताल से होती हुई सूरजपोल, अहिंसा सर्किल, हिन्दूसेवा मंडल कार्यालय, रोटरी भवन, लोढा स्कूल होते हुए बांगड़ अस्पताल परिसर में संचालित हो रहे एएनएम प्रशिक्षण केंद्र पर पहुंच कर संपन्न हुई। इस रैली में एएनएम व जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षणार्थी, पाली शहर की आशा सहयोगीनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व बांगड़ स्कूल के विद्यार्थी वृक्षारोपण जागरूकता से संबंधित नारे लगाते आमजन को पौधारोपण के बारे में संदेश दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पौधारोपण अभियान-2024 के तहत निका.ली गई संकल्प रैली में चिकित्सा विभाग के साथ महिला अधिकारिता विभाग, राजीविका, मनरेगा, शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का भी सहयोग रहा। रैली के समापन के बाद बांगड़ अस्पताल परिसर में संचालित हो रहे एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने मुख्यमंत्री पौधारोपण अभियान के बारे में समझाया तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

पाली में मुख्यमंत्री पौधरोपण अभियान 2024 की जन जागरण कार्य योजना को लेकर जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री के निर्देशानुसार बांगड़ चिकित्सालय से संकल्प रैली निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

इस मौके पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश जायसवाल, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र प्रसाद डाबी, बांगड़ स्कूल के प्रधानाचार्य बसंत कुमार परिहार, एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रिंसीपल केसी सैनी, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के डीपीसी रामप्रकाश गढ़वाल, डीपीसी (आशा) कुलदीप गोस्वामी, डीपीसी (आईईसी) नंदलाल शर्मा, डीईओ रेवंतराम आदि उपस्थित रहे।

जन जागरण कार्य योजना के तहत मानव श्रृंखला आज

मुख्यमंत्री पौधरोपण अभियान 2024 जन जागरण कार्य योजना के तहत जिला कलैक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार शुक्रवार को मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजौरा ने बताया कि जन जागरण कार्य योजना के तहत शुक्रवार को भारत स्काउट एण्ड गाइड, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की और से मानव श्रृंखला, 6 जुलाई को शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग की और से निबंध प्रतियोगिता, 8 जुलाई को उपखंड स्तर पर वृक्ष चौपाल, 9 जुलाई को महिला अधिकारिता विभाग, राजीविका, आईसीडीएस एवं शिक्षा विभाग की और से शपथ कार्यक्रम, 10 जुलाई को पंचायतीराज एवं स्वायत्त शासन विभाग की और से नारा लेखन, 11 जुलाई को खेल एवं युवा मामलात विभाग की और से वाहन रैली, 12 जुलाई को सहकारिता, पशुपालन, कृषि एवं मनरेगा की और से ठाम सहकार एवं वृक्ष मित्र, 13 जुलाई को शिक्षा, खेल एवं युवा मामलात विभाग की और से वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा 15 जुलाई को महिला अधिकारिता विभाग की और से प्रभात रैली का आयोजन किया जाएगा।

'पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण वरदान'

धौरीमन्ना, (निसं)। धोरीमन्ना के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोदारों की बेरी के रा.प्रा.वि.भाखरों की ढाणी में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर संस्था प्रधान साहिल खान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वरदान हैं पौधरोपण करना। प्रत्येक शिक्षक एवं विद्यार्थी ने, जितने हाथ उतने पौधे, लगा कर सारसंभाल की जिम्मेदारी ली, विद्यार्थीयों ने एक पौधा स्कूल में और एक पौधा अपने खेत की मेड पर लगा कर उसवे सारसंभाल का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में शिक्षक बलराम मीणा, शंकरलाल सियाग,व ग्रामीण खुमाराम भाखर, वालाराम भाखर मौजूद थे।

पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन आज

जालोर, (कासं)। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को शुक्रवार निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया जायेगा। जिसके लिए जालोर व सांचौर जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंचायत स्तरीय समारोह आयोजित होगा।

समग्र शिक्षा के जिला परियोजना समन्वयक व मुख्य जिला शिक्षाधिकारी भैराराम चौधरी ने बताया कि पंचायत स्तरीय समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवाई जायेगी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह का अयोजन शुक्रवार को प्रातः 9 बजें माननीय शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मानसरोवर जयपुर में आयोजित होगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पश्चात् पंचायत स्तरीय कार्यक्रम सभी पीईईओ/यूसीईईओ स्तर पर आयोजित होगा।

चातुर्मास में संतों का एक साथ आगमन हमारा सौभाग्य : गोविंद वल्लभ

जालोर, (कासं)। सांचोर स्थित गोधाम पथमेडा के गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंद महाराज के पावन सानिध्य में सिरोही जिले के नंदगांव स्थित मनोरमा गोलोक में 17 जुलाई से होने वाले गोकरुणा चातुर्मास आराधना महोत्सव को लेकर गुरूवार को सिरोही के बाबा रामदेव गार्डन में गोविन्द वल्लभदास महाराज की मार्गदर्शन में बैठक आहुत हुई। जिसमें कई बिंदुओं पर सहमति बनी और प्रबुद्ध लोगों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई।

इस अवसर पर गोविन्द वल्लभ दास महाराज ने कहा कि हम सब का बडा सौभाग्य है कि भारत भूमी के इतने महान तपस्वी और दंडी स्वामी संतों का एक साथ चातुर्मास में एक ही स्थान पर आगमन हो रहा है। सैंकडों तपस्वी संतों का दर्शन और आशीर्वाद हम सबको मिलेगा। इसके लिए सबको इस चातुर्मास को भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयास में जुट जाना चाहिए। नंदगांव केसुआ में आयोजित होने वाले चातुर्मास कार्यक्रम में हर वर्ग को आमंत्रण देने पर सहमति बनी। इसके अलावा घर घर पीले चावल देकर चातुर्मास में आने का निमंत्रण दिया जाएगा। इसके लिए गोविंद वल्लभी महाराज द्वारा अलग- अलग जिम्मेदारी दी गई। विभिन्न स्थानों पर बैनर लगाने और समाज के हर वर्ग के प्रबुद्ध जनों से सम्पर्क करने का दायित्व रघुभाई माली, नरेन्द्रपाल सिंह और शंकर माली को दिया गया। बैठक में हर समाज द्वारा कार्यक्रम के बैनर लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर गोविन्द वल्लभदास महाराज, रामदास महाराज, रघुभाई माली बाबा रामदेव, श्रवण वराडा, नरेन्द्रपाल सिंह, दिनेश, शंकर माली विश्व हिन्दू परिषद, जय गोपाल, अशोक आदर्श सहित शहर के गोभक्तगण उपस्थित रहे।